हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 12 अगस्त 2025

मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग का प्रयास रहा... 12



निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसडीएम... 12





## खबर संक्षेप

### पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पर आज कार्यशाला



**कांकेर।** विद्युत विभाग कांकेर के द्वारा पीएम सूर्य घर योजना की आम जनों को व्यापक एवं सरल जानकारी देने के लिए 12 अगस्त मंगलवान को न्यू कम्युनिटी हॉल कांकेर में दोपहर 2 बजे से कार्यशाला एवं शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें विभाग से योजना में प्रशिक्षित अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय वेंडर के द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदाय की जाएगी। इसके साथ ही पीएम सूर्य घर योजना पोर्टल में उपभोक्ता का तुरंत पंजीयन कराए जाने की व्यवस्था भी रहेगी। कांकेर में इस योजना का लाभ लेने वालों के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।

### युवक ने आत्महत्या की कारण अज्ञात

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत 30 वर्षीय मुकेश दुग्गा ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।
आलकन्हार निवासी मोहन दुग्गा ने पुलिस को बताया कि मृतक का मानसिक स्थिति एक सप्ताह से ठीक नही था और 4 अगस्त से घर में किसी को जानकारी दिए बीना कही चला गया था। पता तलाश करने के दौरान 10 अगस्त को उसका शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### जंगली जानवर के हमले से ग्रामीण की हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत 65 वर्षीय जोहल मंडावी के ऊपर जंगली जानवर ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। झलियामारी निवासी सोहन मंडावी ने पुलिस को बताया कि 5 अगस्त को मृतक को जंगली जानवर ने अपना शिकार बना लिया। मृतक के शरीर पर पंजा का निशान है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### हिमाकत : कोंडागांव के युवकों का ईशानवन में बनाया रील और किया अपलोड

# हिंदू देवी- देवता की प्रतिमाओं के साथ अभद्र रील वायरल, कोण्डागांव से 5 युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

नाथियानवागांव के ईशानवन में श्री राम वनगमन पथ राम वाटिका में हिन्दू देवी देवताओ के मूर्तियो को इंस्ट्राग्राम में देखकर शराब पीकर फरसगांव के आलोर से घूमने के लिए दो मोटर सायकल से पाँच युवक ईशानवन में पहुँच गए और हिंदू देवी देतवाओं के साथ आपत्तिजनक कृत्य करते हुए रील बनाई। रील को एक युवक ने स्टेटस में अपलोड कर लिया। रील को देखकर हिंदू संगठन के युवा कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँच गए और आरोपियों को जल्द नहीं पकड़ने पर आंदोलन करने की बात कही।

कांकेर पुलिस ने रील देखकर घटना के परिणाम को देखते हुए आरोपियों की तलाश में जुट गई। युवकों की पहचान हो जाने पर कोंडगांव पुलिस ने आरोपियों को अपने कब्जे में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हम लोगो इंस्ट्राग्राम में नाथियानवागांव के ईशानवन में श्री राम वनगमन पथ राम वाटिका में हिन्दू देवी देवताओ को देखा था। ईशानवन में घूमने के उद्देश्य से हम लोग शराब पीकर दो मोटर सायकल से पांच लोग कोंडागांव जिले के फरसगांव थाना के मांझापारा आलोर निवासी 21 वर्षीय संजू मरकाम पिता हिरामन मरकाम, 26 वर्षीय शिवलाल कोर्राम पिता साधूराम कोर्राम, 25 वर्षीय लोचन कुमार चक्रधारी पिता सरवन सिंह चक्रधारी, 26 वर्षीय महेश कोर्राम पिता गैदी कोर्राम और विधि से संघर्षरत बालक पहुँचे। ईशानवन घूमने के बाद रील बनाने के चक्कर में युवकों ने भगवान राम के साथ ऐसा कृत्य करते हुए वीडियो बनाया जो आपत्तिजनक था। शराब के ▸▸ शेष पेज 10 पर

**खास बातें**

- आरोपी के स्टेटस में वीडियो पोस्ट होते ही हिंदू संगठन में बढ़ा आक्रोश
- आरोपियों का नशा उतरते ही उड़ गए होश, आवारागर्दी करना पड़ा मंहगा
- आरोपियों में एक विधि संर्घषरत बालक



कोंडागांव में गिरफ्तार किए गए आरोपी



संजू मरकाम



शिवलाल कोर्राम



लोचन कुमार



महेश कोर्राम

### शिकायत होते ही विवेचना शुरू

शिकायतकर्ता मरकाटोला फतेचंद निवासी 34 वर्षीय अखिलेश मिश्रा पिता दिनेश प्रसाद मिश्रा ने लिखित में शिकायत किया कि 10 अगस्त को सोशल मिडिया में कुछ असामजिक तत्वों के द्वारा श्री राम वनगमन पथ राम वाटिका नाथियानवागांव कांकेर में हिन्दु देवी देवताओ के मूर्तियो के साथ घोर आप्पति जनक कृत्य करते हुये विडियो बनाकर सोशल मिडिया में वायरल किया गया था जिससे हिन्दू देवी देवताओ का अपमान हुआ है और हिन्दू धर्म मानने वालो की भावनाओ को ठेस पहुंचा है। इस शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ 196, 298, 299, 302 (3) (5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

### शिकायत के 24 घंटे के अंदर पकड़ाए आरोपी

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने एएसपी दिनेश सिन्हा एवं एसडीओपी मोहसिन खान के मार्गदर्शन में विशेष टीम का गठन कर आरोपियों की पतासाजी करने निर्देशित किया। विशेष टीम के द्वारा आरोपियों की पताशाजी एवं गिरफ्तारी के लिए फरसगांव,कोंडागांव के लिए टीम रवाना किया गया। कोण्डागांव एवं कांकेर पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा पांचो आरोपियों को आलोर से गिरफ्तार किया गया।

### आरोपियों को भेजा गया जेल

कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में बनाई गई टीम उपनिरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, उपनिरीक्षक मनोरथ जोशी प्रआर.ओमप्रकाश कृषान, आरक्षक शाक्ति सिंह ने आरोपियों को कोंडागांव जिला से पकड़कर लाए और न्यायालय में पेश किया। बालिग चार आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया, वहीं एक विधि से संघर्षरत बालक के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही किया गया।

## सड़क हादसे में वाहन चालक की मौके पर मौत, सवार गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

कोयलीबेड़ा थानांतर्गत तरसानी से कोयलीबेड़ा जाने वाले मार्ग पर सड़क दुर्घटना में वाहन चालक का मौके पर मौत हो गया, वही वाहन के पीछे बैठे युवक को गंभीर चोट आया। वाहन चालक की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।



विवेचना में पाया गया कि वाहन चालक जिरमतराई निवासी 35 वर्षीय संत लाल पोटाई पिता कोलू राम पोटाई अपने साथी हेटारकसा निवासी 34 वर्षीय संतु नेताम पिता रामगोपाल नेताम के साथ 10 अगस्त को अपने वाहन क्रमांक सीजी 19 बीडी 4689 में सवार होकर ग्राम तुरसानी से कोयलीबेड़ा की ओर आ रहा था। मोटर सायकल को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाने के कारण ग्राम तुरसानी मेन रोड मरच्युरी के आगे मोड़ पर गाड़ी अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गया, जिससें आरोपी वाहन चालक संत लाल पोटाई घटना स्थल पर अचेत अवस्था में पड़ा था। परिजनों एवं ग्रामीणों के द्वारा सीएचसी कोयलीबेड़ा लेकर गए, जहां चिकित्सक ने आरोपी वाहन चालक संत लाल ▸▸ शेष पेज 10 पर

## धनेसरा स्कूल का अतरिक्त कक्ष दो वर्षों से अधूरा, बच्चों की पढ़ाई पर पढ़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरोना

विकासखंड नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनेसरा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में अतरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पिछले करीब दो वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। ग्राम पंचायत के उप सरपंच वीरेंद्र साहू ने बताया कि इस कक्ष का निर्माण कार्य ठेके पर कराया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार द्वारा लंबे समय से काम को अधूरा छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि काम अधूरा रहने से स्कूल में कक्षाओं की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है, क्योंकि पर्याप्त कक्ष न होने से छात्रों को असुविधा होती है। उप सरपंच ने बताया कि दो साल पहले कार्य



प्रारंभ हुआ था, लेकिन कई बार आग्रह और शिकायत करने के बावजूद ठेकेदार ने कार्य पूरा नहीं किया। अब ग्रामवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और वे इस मामले में उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो वे आंदोलन या ज्ञापन सौंपने जैसे कदम उठाने पर मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से ▸▸ शेष पेज 10 पर

## कोचवाही में अनियंत्रित बस घर में घुसी ट्रैक्टर-ट्रॉली क्षतिग्रस्त, अनहोनी टली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चारामा

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बसे ग्राम कोचवाही में 11 अगस्त सोमवार की सुबह 4 बजे अनियंत्रित बस सड़क किनारे घर में घुस गई, जिससे घर मालिक की घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर बस रूक गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली के नहीं होने पर बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के अनुसार जिले के नेशनल हाइवे से सटे अंतिम छोर के ग्राम कोचवाही गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब यात्री बस अनियंत्रित होकर घर में घुस गई, घटना सुबह 4 बजे का बताया जा रहा है। कांकेर से धमतरी जा रही कांकेर यात्री बस क्रमांक सीजी 19 एफ 2277 बैंक ऑफ बड़ौदा के पास हिरवानी कृषि केंद्र के घर में घुस गई। टक्कर से घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर और ट्रॉली बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि बस का आगे का ▸▸ शेष पेज 10 पर





- ट्रैक्टर-ट्राली यदि नहीं होती तो बड़ी दुर्घटना की थी आशंका

### शुक्र है घटना दिन में नहीं हुई

ग्राम के लोगों ने बताया कि यह घटना 4 बजे हुई है अगर यही घटना सुबह 9 बजे के बाद हुई रहती तो कई लोगों की जान चली गई होती,क्योंकि की घटना स्थल पर बैंक भी है जहां हमेशा भीड़ होती हैऔर कृषि केंद्र में भी लोग आना जाना करते रहते है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई।

## स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग पर कांग्रेस का अनिशिचतकालीन धरना प्रदर्शन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजुर

सिविल अस्पताल पखांजुर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग

- डॉक्टरों की नियुक्ति, सिजेरियन डिलिवरी ऑपरेशन थिएटर की तत्काल व्यवस्था, ब्लड बैंक की शुरू करने की मांग

को लेकर ब्लॉक और मंडल कांग्रेस कमेटी ने 11 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। यह प्रदर्शन अंबेडकर



चौक नया बाजार पखांजुर में आयोजित किया गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है।

अनिश्चतकालीन धरने पर बैठे कांग्रेसियों ने सात माँगो को लेकर प्रदर्शन शुरू किया है। इनकी माँग है कि सिविल अस्पताल पखांजुर में ▸▸ शेष पेज 10 पर

### स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ का आयोजन 14 को

**कांकेर।** प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 14 अगस्त को प्रातः 07 बजे से शाउमावि नरहरदेव के खेल मैदान में स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इस दौड़ में जिला मुख्यालय के सभी स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, मीडिया प्रतिनिधि के अलावा गणमान्य नागरिक और आम-जनता भी भाग ले सकेंगे। दौड़ का आयोजन नरहरदेव विद्यालय के खेल मैदान से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए ऊपर-नीचे रोड, भारतीय स्टेट बैंक, गिल्ली चौक, पुराना बस स्टैण्ड, शा कोमलदेव जिला चिकित्सालय के पास जय स्तंभ चौक ▸▸ शेष पेज 10 पर

**बाड़ी में रखे 4 क्विटंल धान को किया नष्ट, गांव में दहशत**

## अंजाड़ी में दंतेल हाथी ने मचाया आतंक पक्की दीवार तोड़ी तो घर हो गया ढेर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजूर

बीती रात दंतेल हाथी ने अंजाड़ी गांव के किसान धनीराम के घर में घुसकर भारी तोड़फोड़ किया। हाथी ने घर की पक्की दीवार को तोड़ दिया, जिससे पूरा घर बुरी तरह से ढह गया।

इसके साथ ही उसने बाड़ी में रखे करीब 4 क्विंटल धान को भी नष्ट कर दिया। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआा है। विगत दिनों दंतेल भानुप्रतापपुर



होते हुए दुर्गूकोंदल ईलाके में पहुँचा था, तब भी दंतेल ने आतंक मचाकर कई घरों को नुकसान पहुँचाया था। परलकोट क्षेत्र में दो दिनों से आतंक मचाने वाला दंतेल वही हो सकता है, जो कुछ समय पहले दुर्गूकोंदल आया था। दंतेल की सक्रियता के बारे में वन विभाग ने ग्रामीणों को सचेत किया था और एक निगरानी दल का भी गठन किया गया था, परंतु निगरानी दल दंतेल को गाँव से बाहर कैसे नहीं कर पाया, यह समझ के परे है।

निगरानी दल सक्रिय रहता तो इस नुकसान को बचा सकता था। घटना की खबर मिलते ही वन विभाग और पुलिस विभाग की एक संयुक्त रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई है और गाँव के ▸▸ शेष पेज 10 पर

### पुलिस ने आरोपी को मरीन ड्राइव ले जाकर करवाई उठक बैठक

# मरीन ड्राइव में चाकू लहराते की गुंडगर्दी, आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

बीती रात को शराब के नशे में मुहल्ले में विवाद करने के उपरांत मरीन ड्राईव में गाली गलौच करते हुए चाकू दिखाकर गुंडागर्दी की रील बनवाने वाले आरोपी को पुलिस ने रील वायरल होते हुए दबोचा और मरीन ड्राईव में ले जाकर उठक बैठक करवाया, जिससे दहशत फैलाना आरोपी भूल जाएं। आरोपी कान पकड़ते हुए दया की भीख माँगते हुए नजर आया। पुलिस के अनुसार आरोपी 27 वर्षीय सौरभ सारथी पिता स्व.गन्ना राम सारथी निवासी संजय नगर बीती रात को मुहल्ले में विवाद किया था, उसके बाद गुंडागर्दी करते हुए चाकू के साथ मरीन ड्राईव पहुंच गया। आरोपी मरीन ड्राईव में गाली देते हुए चाकू लहरा रहा था। आरोपी का विवाद और चाकू लहराने का वीडियो भी वायरल हुआ। पुलिस को इसकी जानकारी मिली और पुलिस ने पतासाजी करते हुए आरोपी को धरदबोचा। आरोपी का कृत्य धारा 296, 351 (2), बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट का पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस लगातार सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों पर कार्यवाही कर रही है, इसके अलावा दवाई बेचने और अवैध नशा की सामग्री बेचने वालों पर कड़ी कार्यवाही कर रही है। पुलिस की लगातार कार्यवाही किए जाने के बाद भी आरोपी शराब के नशे में गुंडागर्दी करने ▸▸ शेष पेज 10 पर

- मोहल्ले में विवाद के बाद आरोपी ने किया था हंगामा



### आरोपी को भेजा गया जेल

थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर ने बताया कि गुंडागर्दी की जानकारी मिलने पर आरोपी युवक को धारा-296, 351(2), बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय कांकेर में न्यायिक अभिरक्षा हेतु पेश कर जेल दाखिल किया गया।





